बुधवार
31 जनवरी 2024
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


लोक अदालत की सफलता में मिडिया की सहयोग आवश्यक : जिला जज

2



# हेमंत सोरेन ने की रांची में बैठक, विधायकों की मीटिंग में पहली बार शामिल हुई उनकी पत्नी

- कल्पना सोरेन के बैठक में शामिल होने के बाद यह चर्चा होने लगी कि उन्हें झारखंड का बनाया जा सकता है। सीएम

**केटी न्यूज/रांची**

ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद राजनीतिक दलों में हलचल हो पैदा हो गया है। सभी अपने बचने तथा सरकार में बने रहने के लिए कोई न कोई जुगाड़ लगाने के प्रयास में जुट गये है। इसी कड़ी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब 40 घंटे बाद रांची पहुंचे। वह अचानक दिल्ली से वे गायब हो गए थे। कथित जमीन धोखाधड़ी केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत से ईडी पूछताछ करना चाहती थी। दिल्ली स्थित आवास पर ईडी की टीम पूछताछ के लिए भी गयी थी लेकिन हेमंत सोरेन वहां नहीं मिली। अचानक उनके गायब होने की खबर मीडिया में आई। सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक आनन फानन में हेमंत सोरेन ने बुलाई। रांची में सीएम आवास पर यह बड़ी बैठक बुलाई गयी। बैठक में हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थी। इससे पहले हेमंत सोरेन की पत्नी किसी बैठक में शामिल नहीं हुई थी। पहली बार हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी विधायक दल की बैठक में शामिल हुई। कल्पना सोरेन के बैठक में



शामिल होने के बाद यह चर्चा होने लगी कि कल्पना सोरेन को झारखंड का सीएम बनाया जा सकता है। शायद इसी बात को लेकर हेमंत सोरेन ने अपने विधायकों को मीटिंग के लिए बुलाया है। वहीं दूसरी ओर ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास समेत तीन ठिकानों पर छापेमारी की। कथित जमीन घोटाले में घिरे सोरेन के ठिकानों पर तलाशी के बाद जांच एजेंसी ने कैश, कार और कागजात मिलने का दावा किया है। हालांकि, जांच एजेंसी की मुलाकात सीएम से नहीं हो पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक बीएमडब्लू कार के साथ 36 लाख रुपए कैश जब्त किया गया। दरअसल, केंद्रीय जांच एजेंसी की एक टीम ने दिल्ली में शांति निकेतन स्थित सोरेन के आवास पर पहुंची। टीम करीब यहां 13 घंटे तक रही। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन इस दौरान बंगले पर नहीं मिले। जबकि, छापेमारी के दौरान 36 लाख रुपए कैश जब्त किया गया।

## लैंड फॉर जॉब मामले ईडी ने तेजस्वी यादव से पूछे 60 करीब सवाल



**पटना।** राजद सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से रेलवे की ग्रुप डी की नौकरी के बदले जमीन मामले में इडी ने पटना में 10 घंटे लंबी पूछताछ की। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई पूछताछ रात 9 बजे तक चली। नौ बज कर पांच मिनट पर लालू प्रसाद अकेले इडी दफ्तर से बाहर निकले थे। वहीं लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव से इडी पूछताछ के लिए राजधानी पटना के दफ्तर बुलाया गया। जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिया बुलाया है। एजेंसी ने उन्हें 30 जनवरी को पूछताछ के लिए इडी के पटना स्थित कार्यालय में बुलाया है। इसके लिए 19 जनवरी को इडी के अधिकारी ने राबड़ी आवास पहुंचकर नोटिस दिया था। मिली जानकारी के अनुसार लैंड फॉर जॉब्स मामले में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से साढ़े छह घंटे से पूछताछ कर रही है। 12 अफसरों की टीम उनसे सवाल-जवाब कर रही है। तेजस्वी सुबह साढ़े 11 बजे से पटना के बैंक रोड स्थित एऊ दफ्तर पहुंचे थे। सूत्रों की माने तो पूछताछ के लिए अफसरों ने 60 सवालों की लिस्ट तैयार की थी। इस बात की आशंका जतायी जा रही है कि लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ने वाली है। ईडी के अधिकारी एक के बाद एक लगातार सवालों की बौछारें कर रहे है। तेजस्वी यादव की एक भी नहीं चलने दे रहे है। यह देखना है कि ईडी के अधिकारी अपना अगला कदम क्या उठाते है।

### सदन में नीतीश कुमार को पूर्ण बहुमत प्राप्त , उनके पास 128 विधायकों का समर्थन

# 10 फरवरी को बहुमत साबित करेंगे सीएम नीतीश कुमार

- पद से नहीं हटे स्पीकर तो अविश्वास प्रस्ताव पर होगी वोटिंग
- 17वें विधानसभा में यह दूसरा अवसर है, जब विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ आया है अविश्वास प्रस्ताव

**केटी न्यूज/पटना**

महागठबंधन से वापस एनडीए में शामिल होने के बाद नीतीश कुमार अपना विश्वास मत हासिल करना होगा। इसके लिए आगामी 10 फरवरी को तिथि निर्धारित की गई है। इस दिन पक्ष और विपक्ष अपना पूरा तिकड़म लगाने के लिए आतूर है। हालांकि इसके लिए सारी तैयारी शुरू हो गयी है। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में विश्वास मत हासिल करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री आवास में हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा मौजूद थे। पहले विधानमंडल का सत्र 12 फरवरी से होने की चर्चा थी। दरअसल, मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ एनडीए ने 28 जनवरी को ही अविश्वास प्रस्ताव दिया है।

ऐसे में नियमानुसार 14 दिनों के बाद ही विधानमंडल का सत्र आहूत किया जा सकता है। इसीलिए 10 फरवरी का दिन तय किया गया है। इसके बाद आगे बजट सत्र होगा। इसकी प्रक्रिया अलग से चलायी जाएगी। यह 12 फरवरी से आगे चलाया जा सकता है। वहीं, 10 फरवरी को सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्हें पद से हटाने के बाद नीतीश सरकार सदन में विश्वास मत प्राप्त करेगी। हालांकि यह केवल औपचारिकता ही होगी। क्योंकि, सदन में नीतीश कुमार को पूर्ण बहुमत प्राप्त है। उनके पास 128 विधायकों का समर्थन है। यह बहुमत के 123 के आंकड़े से अधिक है। नयी सरकार को जदयू और भाजपा के अलावा हम और एक निर्दलीय विधायक का भी समर्थन प्राप्त है। जहां भाजपा के 78 और जदयू के 45 विधायक हैं, वहीं हम के चार विधायक है। मालूम हो कि, 17वें विधानसभा में यह दूसरा अवसर है, जब विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। यह भी पहली बार है जब किसी एक विधानसभा की अवधि में दो बार ऐसा हुआ हो।

इसके पहले वर्ष 2022 में निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष व मौजूदा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था। ऐसे यह चौथा अवसर है जब किसी विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। इसके पहले कांग्रेस के शिवचन्द्र झा और विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देते ही विधानमंडल के बजट सत्र समेत अन्य फैसले स्वतः निरस्त हो गए। यही नहीं सत्र में पूछे जाने वाले सारे सवाल भी खत्म हो गए। अब नए सिरे से सदन में पूछे जाने के लिए विधायकों-विधानपार्षदों को सवाल देने होंगे।



## लोकसभा चुनाव को लेकर डरे हुए हैं प्रधानमंत्री : मीसा भारती



**पटना।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में मंगलवार को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को ईडी ने दफ्तर में बुलाया। ईडी दफ्तर से तेजस्वी यादव से पूछताछ जारी है। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। ईडी के 12 अफसरों की टीम उनसे 60 सवाल कर रही है। ईडी की इस कार्रवाई पर लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती ने कहा कि देश की जितनी भी विपक्षी पार्टियां है उनके नेताओं को डराने की कोशिश की जा रही है। देश की जनता देख रही है इसका खामियाजा बीजेपी और पीएम मोदी को भुगतना पड़ेगा। बता दें कि तेजस्वी यादव सुबह साढ़े 11 बजे से पटना के बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे थे। इससे पहले कल राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से करीब दस घंटे तक ईडी की टीम ने पूछताछ की थी। ईडी की इस कार्रवाई पर राज्यसभा सांसद व लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती ने कहा कि 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री जी काफी डरे हुए हैं। झारखंड में भी बिहार की तरह करने की कोशिश की जा रही है। हेमंत सोरेन को भी डराने की कोशिश की जा रही है।

## दरभंगा महाराज के करोड़ो के बहुमूल्य जेवरात गायब

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा राज परिवार द्वारा संचालित कामेश्वर रिलिजियस ट्रस्ट के 108 मंदिरों के देवी देवताओं के बहुमूल्य जेवरात भारतीय स्टेट बैंक के बोल्ट से गायब होने की सूचना के बाद दरभंगा राज परिवार में खलबली मच गई। आनन फानन में दरभंगा महाराज सर कामेश्वर सिंह के पौत्र कुमार कपिलेश्वर सिंह ने इस बात की लिखित सूचना विश्वविद्यालय थाना में की। आवेदन मिलते ही दरभंगा पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए ट्रस्ट के मैनेजर विष्णु कुमार मिश्र एवं उदय नाथ झा को गिरफ्तार कर पूछताछ की। जिसके बाद गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर दरभंगा टावर स्थित स्वर्ण व्यवसाई शत्रुघ्न प्रसाद को गिरफ्तार कर गायब सामान को जप्त कर कारवाई में जुट गईं है। कामेश्वर सिंह के पौत्र कुमार कपिलेश्वर सिंह ने अपने आवेदन में कहा है कि महारानी कामसुंदरी देवी के एटॉनों उदयनाथ झा उर्फ विष्णु और कामेश्वर रिलिजियस ट्रस्ट के प्रबंधक केदारनाथ मिश्र एवं अन्य के द्वारा साजिश कर उक्त बोल्ट में रखे गए जेवरातों को निकालकर बेच दिया गया है। साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि उक्त घटना को 15 से 20 दिन पहले ही अंजाम दिया गया है। महारानी अब काफी वृद्ध हो चुकी है। जिसके कारण वे अपने होशो हवास में प्रायः नहीं रहती है। जिसका नाजायज फायदा उठाकर उपरोक्त उदयनाथ झा ने कामेश्वर रिलिजियस ट्रस्ट के देवी देवताओं के मंदिर के करोड़ों की बेशकीमती संपत्ति को बेच दिया है। साथ ही कपिलेश्वर सिंह ने अपने आवेदन में कहा है कि कामेश्वर रिलिजियस ट्रस्ट के बायोलॉज के अनुसार यदि ट्रस्ट के ट्रस्टी (जिसकी वर्तमान में एकमात्र ट्रस्टी महारानी है) के द्वारा सही ढंग से कामेश्वर रिलिजियस ट्रस्ट का कार्य नहीं किया जाता है ।

## कांग्रेस ने दबाव डालकर नीतीश कुमार से कराया जातिगत गणना : राहुल

**केटी न्यूज/पूर्णिया**



भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर बिहार आये कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूर्णिया में सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में तो जातीय गणना तो मैंने करवायी। हमने नीतीश कुमार को कह दिया था कि बिहार में जातिगत गणना तो आपको कराना ही पड़ेगा। राहुल गांधी ने सभा में कहा नीतीश कुमार फंस गये। जाति गणना कराने के कारण बीजेपी से प्रेशर आया। बीजेपी नहीं चाहती कि इस देश का एक्सरे हो। वे डरते हैं एक्सरे से। क्योंकि इससे दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा। पता लग जायेगा कि कितने दलित हैं, कितने ओबीसी हैं, कितने आदिवासी हैं। बीजेपी ये नहीं चाहती। बीजेपी चाहती है कि जनता का ध्यान इधर-उधर जाये। लेकिन, सामाजिक न्याय पर गलती से भी आपका ध्यान नहीं चला जाये। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश जी जातिगत जनगणना को लेकर ही फंस गये और बीजेपी ने उन्हें निकलने का रास्ता दे दिया। नीतीश कुमार उस रास्ते पर निकल गये। सामाजिक न्याय देने की जिम्मेवारी बिहार में हमारे गठबंधन की है, नीतीश कुमार की यहां कोई जरूरत नहीं है। यहां पर हम अपना काम कर लेंगे। हमारा गठबंधन सामाजिक न्याय का काम कर लेगा। राहुल गांधी के दावों की हकीकत समझिये। कांग्रेस के साथ आने से काफी पहले से नीतीश कुमार जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। वे कई दफे बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेज चुके थे कि देश भर में जातिगत जनगणना करायी जाये। 2022 में राजद, कांग्रेस के साथ सरकार बनाने से पहले से ही नीतीश कुमार प्रधानमंत्री से मिलकर ये मांग कर चुके थे कि जातिगत जनगणना करायी जाये। जबकि देश में कांग्रेस शासित किसी राज्य में जातिगत जनगणना अब तक नहीं हुई है। कर्नाटक में काफी पहले जाति की गणना हुई तो रिपोर्ट जारी नहीं हुआ। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वे जो काम कांग्रेस शासित राज्यों में नहीं करा पाये, उसे नीतीश कुमार पर दबाव डाल कर किया।

## सपा ने जारी की अपने उम्मीदवारों की पहली सूची

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 16 लोगों को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, सीतापुर धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अन्नू टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फरुर्खाबाद से डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजा रामपाल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी और गोरखपुर से काजल निषाद को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।




### कोई भी नशा हद से ज्यादा सही नहीं होता, नशा से होता है शरीर को नुकसान

# परिवारिक भोजपुरी फिल्म है प्रेम की पुजारन : खेसारीलाल यादव

- नई पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण है फिल्म प्रेम की पुजारन : खेसारीलाल

**केटी न्यूज/ पटना**

समरशी फिल्म्स मीडिया एंटरटेनमेंट प्रा. लि. के बैनर से बनी भोजपुरी सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और यामिनी सिंह व रक्षा गुप्ता स्टारर फिल्म प्रेम की पुजारन 9 फरवरी को रिलीज होगी. यह फिल्म बेहद महत्वपूर्ण है, जो अब रिलीज को तैयार है। ये जानकारी पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान खेसारीलाल यादव ने दी। खेसारी लाल यादव ने कहा कि हमारी यह फिल्म युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। या यूं कहे कि नई पीढ़ी के लिए यह फिल्म खास है, जो जेनरेशन गैप की कहानी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि फिल्म में हमने दिखाया है कि कोई भी नशा हद से ज्यादा सही नहीं होता है। नशा से शरीर को नुकसान होता है। खेसारीलाल यादव ने फिल्म प्रेम की पुजारन को खूब प्यार और आशीर्वाद देने का आग्रह किया और कहा कि यह फिल्म बेहद मनोरंजक है। हमने इसकी शूटिंग 6 महीने पहले गोरखपुर में की थी, जो अब रिलीज को तैयार है। मैं दर्शकों से आग्रह करूंगा कि वे इस फिल्म को अपने परिवार दोस्त के साथ मिलकर सिनेमाघरों में जाकर देखें। वहीं निमार्ता समर राज ने बताया कि फिल्म 09 फरवरी को रिलीज हो



रही है। हमने फिल्म को बनाने में बहुत मेहनत की तब जाकर फिल्म जबरदस्त बनी है। फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक है साथ ही इस में थोड़ा सा रोमांस का भी तड़का डाला गया है जो भोजपुरिया दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी। अब फिल्म जल्द हीं आपके नजदीकी सिनेमा घरों में रिलीज हो रही है। उन्होंने कहा कि लंबे अरसे बाद खेसारी लाल यादव की फिल्म आ रही है तो हमारी फिल्म को बहुत ज्यादा सपोर्ट करें आपको बता दें कि फिल्म प्रेम की पुजारन में खेसारीलाल यादव यामिनी सिंह और रक्षा गुप्ता के साथ रोमांस करते नजर आने वाले हैं, जबकि इस फिल्म के निमार्ता समर राज हैं और निर्देशक पकंज सिन्हा हैं. गीतकार - संगीतकार कृष्णा बेदर्दी हैं. कथा, पटकथा और संवाद मनोज के कुशवाहा हैं। फिल्म में खेसारी लाल यादव, यामिनी सिंह, रक्षा गुप्ता,एम एम ऋषि, दीपक सिन्हा, विनोद मिश्रा, अजय सिन्हा मिंटो, महेश आचार्य, पप्पू यादव और रिंकू यादव मुख्य भूमिका में हैं। डीओपी आर आर प्रिंस हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर दर्जन भर थानाध्यक्षों के बाद बदले गये सालों से जमे 37 सब इंस्पेक्टर

◆ लोकसभा चुनाव को लेकर डीआइजी के आदेश पर एसपी ने की कार्रवाई

**केटी न्यूज/आरा**

लोकसभा चुनाव को लेकर भोजपुर में पुलिस अफसरों का तबादलों का दौर शुरू हो गया है। दर्जन भर थानाध्यक्षों के स्थानांतरण के बाद सब इंस्पेक्टर रैंक के 37 का भी बदल दिया गया है।सभी का अनुमंडल स्तर पर तबादला किया गया है। डीआइजी नवीन चंद्र झा के आदेश पर एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से यह कार्रवाई की गयी है। इसे लेकर जिला आदेश भी जारी कर दिया गया है। एसपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार नगर थाने से दारोगा दिलीप कुमार साव को पीरो, सुभाष तिवारी को तीयर, मुरलीधर सिंह को नारायणपुर, उमेश राय को जगदीशपुर, नगर थाने के थाना लेखक विपिन प्रसाद को शाहपुर, रंजन कुमार पासवान को सहार, संतोष कुमार सिंह को सहार (दोनों विधि-व्यवस्था इकाई) नवादा थाने से दारोगा मीना कुमारी को सिकरहट्टा, अफताब वाहिद खां को अजीमाबाद, फुरकान अहमद को बहोरनपुर ओपी, अशोक कुमार सिंह को पीरो, नवादा थाने के मलखान इंचार्ज सुबोध कुमार मंडल को शाहपुर, मुफस्सिल थाने से ज्योति कुमारी को शाहपुर, पवना थाने से जीतेंद्र कुमार को जगदीशपुर थाना, उदवंतनगर के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह को पीरो, उदवंतनगर थाने से ही गौरी शंकर यादव को शाहपुर, गजराजगंज ओपी से उदय शंकर सिंह को पीरो, कोईलवर के अपर थानाध्यक्ष विपुल कुमार को चरपोखरी, चांदी थाने के अपर थानाध्यक्ष नागेंद्र कुमार को इमादपुर, गड़हनी से महेंद्र प्रसाद को हसन बाजार ओपी, संदेह के अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार को पीरो, संदेश से निसार खां को पीरो थाना, पीरो से अपराजिता कुमारी को नगर थाना, गुरुशरण दास को नवादा थाना, सिकरहट्टा के अपर थानाध्यक्ष सह मलखाना प्रभारी अरविंद कुमार को नवादा थाना, नगर थाने से मजहर हुसैन को जगदीशपुर, सहार से उमेश सिंह व धन्नु राम को नगर, नारायणपुर के अपर थानाध्यक्ष सह मलखाना प्रभारी गुरु प्रसाद साह को नगर थाना, जगदीशपुर से रामाकांत मांझी एवं तीयर के अपर थानाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी को नगर थाना, बिहिया से दारोगा अनिल कुमार को उदवंतनगर, बहोरनपुर ओपी से शिवजी ठाकुर को नवादा, शाहपुर थाने से नवीन कुमार श्रीवास्तव को नगर, राजेंद्र कुमार सिंह को नवादा, ट्रैफिक थाने से संजय कुमार सिंह को जगदीशपुर और अजीमाबाद के अपर थानाध्यक्ष अनिल कुमार को नवादा थाना भेजा गया है। बता दें कि मंगलवार को एसपी द्वारा एक अनुमंडल में तीन साल तक जमे 11 थानाध्यक्षों का एक से तबादला किया गया था। विभागीय सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह बड़ा फैसला लिया गया है। इसके पीछे यह मंशा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रशासन निष्पक्षता के साथ अपना कार्य करें। किसी भी प्रत्याशी या उनके समर्थक के साथ उसकी मिली भगत का आरोप नहीं लगे। पुलिस पर चुनाव को लेकर अहम जिम्मेदारी रहती है।



## युवा अफसरों को मिल रही थानों की कमान

**आरा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अफसरों का लगातार तबादला किया जा रहा है। दर्जन भर थानाध्यक्षों के साथ तीन दर्जन सब इंस्पेक्टर का भी स्थानांतरण किया जा चुका है। जल्द ही अन्य थानों के थानाध्यक्षों भी बदले जायेंगे। उसकी सूची तैयार की जा रही है। इधर,विधि-व्यवस्था और क्राइम कंट्रोल को भोजपुर में पुलिस महकमे की कमान युवा और नये अफसरों के हाथों में है। एसपी से थानाध्यक्ष तक की कमान नये और युवा अफसरों के जिम्मे है। बता दें कि चुनाव और कुछ अफसरों के इंस्पेक्टर में प्रमोशन होने के बाद दूसरे जिलों में तबादला कर दिया गया है। उसके बाद एसपी की ओर से मंगलवार को धनगाई, अगिआंव बाजार, सिकरहट्टा, आयर, इमादपुर, तीयर, शाहपुर थाना, सिन्हा, धोबहां, कृष्णगढ़ और चौरी थाने के थानाध्यक्षों कि तबादला कर दिया गया है। अभी चरपोखरी, गड़हनी, संदेश, कोईलवर, उदवंतनगर और सहार सहित दर्जन भर थानों में भी नये थानाध्यक्ष की पोस्टिंग की जानी है।

## खबरें फटाफट

### पुरानी विवाद में मारपीट, पांच नामजद

**औरंगाबाद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। मामला फेसर थाना क्षेत्र के बेली गांव की हैं। घटना को लेकर बेली गांव निवासी महादेव मिश्रा ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने पांच लोगों को नामजद किया है। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र राहुल कुमार देर शाम अपनी दुकान बंद कर घर आ रहा था, इसी क्रम में बाकन गांव निवासी सुबोध सिंह, मिथुन सिंह, गौरी सिंह एवं गांव के ही हनन सिंह तथा कचावन सिंह ने गाली-गलौज करने लगें, विरोध करने पर मारपीट किया जिसमें उनका पुत्र जख्मी हों गया।

### परिचारी के निधन पर शोक

**औरंगाबाद।** मंगलवार को अंचल कार्यालय गोह में कार्यरत कार्यालय परिचारी रामनिवास शर्मा का आकस्मिक निधन हो गई। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा समाहरणालय परिसर में सभी पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर शोक प्रकट किये एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों के कर्मी व पदाधिकारी अपने कार्यों से विरत रहे।

### सूचना के बाद पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर पाया काबू

# बिजली शार्ट सर्किट से तेल मिल में लगी आग, 5 लाख की सम्पत्ति जलकर राख

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह थानाक्षेत्र के शेखपुरा गांव में सोमवार की देर रात करीब एक बजे उपमुखिया के तेल मिल में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें मिल में लगा ,दाल मसीन,तेल मसीन,धान मसीन सहित कई मसीन जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने घटना के एक घंटे बाद घटना स्थल पर पहुंची तबतक लगभग पांच लाख से अधिक की सम्पति जलकर खाक हो गई। बताया जाता है कि देवहरा पंचायत के उपमुखिया मुन्ना कुमार गुप्ता के भाई रंजीत कुमार तेल मिल चालू कर कार्य कर रहे थे मिल बन्द कर लगभग 11 बजे खाना खाने घर गए तो लगभग एक बजे रात में ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना दिया था। जब परिजनों ने चारो तरफ आग की लपेटे देखकर पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुची पुलिस के साथ फायर बिग्रेड की टीम ने घण्टो मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तबतक सारा सामान जलकर राख हो गया । इस अगलगी की घटना में तेल मशीन,दाल मशीन,धान मशीन,गेहू मशीन,मोटर 10 एच पी,आइसर मशीन,दवा छिटने वाला मशीन, साइकिल,बैटरी,नाप तौल काटा ,ग्लैण्डर समेत लगभग 5 लाख से अधिक की सम्पति जलकर राख हुए है।



## नीलगाय से टकराने के बाद पलटा ऑटो, महिला की मौत

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के समीप मंगलवार की सुबह एक टेंपो नीलगाय से टकरा गयी। उसमें ऑटो सवार एक महिला की मौत हो गयी। हादसे में महिला के पति, दामाद, बेटी, दामाद और नतिनी सहित सात लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत महिला धनगाई थाना क्षेत्र के चकवा दीघा गांव निवासी अहमद खान की 63 वर्षीया पत्नी जैसून निशा थी। घायलों में उनके पति अहमद खान, बेटी जूही खातून, नतिनी मासिया शिद्रा, रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र के सहरी गांव निवासी दामाद अदीश खान, चालक सचिन चौधरी व खलासी राजेश चौधरी शामिल है। अहमद खान ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी जूही खातून गर्भवती है। उसी का ऑपरेशन करने के लिए वह अपनी पत्नी जैशुन निशा, बेटी जूही? खातून, दामाद अदीश खान, नतिनी मासिया और शिद्रा के साथ ऑटो रिजर्व कर आरा के निजी अस्पताल आ रहे थे। उसी दरमियान करीसाथ गांव के समीप अचानक एक नीलगाय उनकी ऑटो से टकरा गयी। उससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें उनकी पत्नी जैसून निशा की मौत हो गयी।

## ट्रेन दुघर्टना में युवक का कटा दोनों पैर

**औरंगाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड के सोननगर जंक्शन पर ट्रेन से उतरने के दौरान गिरकर एक युवक घायल हो गया। इस घटना में युवक के दोनों पैर कट गए। युवक की पहचान झारखंड के गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के लम्हारी गांव निवासी दिनेश राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दिनेश दिल मोहम्मद गंज से ट्रेन पकड़कर सोन नगर जंक्शन के लिए चला था। सोन नगर से उसे ट्रेन पकड़ कर गढ़वा की ओर जाना था। हालांकि ट्रेन सोन नगर जंक्शन पर नहीं रुकी तो वह चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। किसी तरह वह ट्रेन से चपेट के आ गया और उसके दोनों पैर कट गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना के बाद जीआरपी पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर जानकारी यह भी मिली कि सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने युवक के दोनों पैर कटे होने के कारण यहां से भी बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

## एक नजर

### दूसरे दिन 31 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन



**औरंगाबाद।** जिला विधि संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति चुनाव 2024 के पहले दिन मात्र पांच अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल करवया। जबकि आज दुसरे दिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों पर नामांकन दाखिल कराया। 31.01.24 को नामांकन की आखिरी दिन है। आज अध्यक्ष पद पर परशुराम सिंह, विजय पाण्डेय एवं रामप्रवेश ठाकुर ने नामांकन किया। वहीं महासचिव पद पर जगनरायण सिंह, नागेंद्र सिंह, राजीव कुमार सिंह एवं अखिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर ग्रिजेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार सिंह एवं अजय कुमार, उपाध्यक्ष पद पर सात, संयुक्त सचिव पद पर सात, वरिष्ठ सदस्य पद पर एक, सहायक सचिव पद पर एक एवं कार्यसमिति पद पर चार अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन विभिन्न पदों पर बड़ी संख्या में नामांकन सहित अंकेक्षक, निगरानी एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर नामांकन की उम्मीद है।

### टहलने के दौरान छत से गिरा युवक, जख्मी

औरंगाबाद। बारुण थाना क्षेत्र के सोनाही गांव में सोमवार की रात छत पर टहलने के दौरान एक युवक गिरकर घायल हो गया। युवक की पहचान उस गांव के मुकेश कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि मुकेश रात्रि में खाना खाने के बाद छत पर टहल रहा था इसी दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चीखने-चिल्लाने की आवाज पर परिजन दौड़े और उसे उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में सोमवार के रात जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई। इस घटना में एक महिला जख्मी हो गई। महिला की पहचान अजय कुमार रंजन की पत्नी शकुंतला देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी महिला ने बताया कि गांव में ही पड़ोसी के साथ उसके पति का काफी दिनों से जमीनी विवाद का मामला चल रहा था। सोमवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। बचाने जाने पर मारपीट में महिला जख्मी हो गई। घटना के बाद परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उपचार किया।

### कदाचारमुक्त कराई जाएगी इंटरमीडिएट परीक्षा : डीएम

**औरंगाबाद।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु जिला पदाधिकारी के द्वारा समाहरणालय के नगर भवन के परिसर में बैठक आहुत की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी, पुलिस बल, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक सुबह 8:00 बजे ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के समय पूर्वाह्न 9:30 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात 9 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय अपराह्न 2:00 से 30 मिनट पूर्व अर्थात 1:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दिया जाएगा। दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दिया जाएगा।

# लोक अदालत की सफलता में मिडिया की सहयोग आवश्यक : जिला जज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

व्यवहार न्यायालय में 9 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर मंगलवार को जिला जज अशोक राज ने प्रेसवार्ता की। व्यवहार न्यायालय स्थित कार्यालय कक्ष में अगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन पर चर्चा की। वादों के निष्पादन को लेकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिडिया का सहयोग आवश्यक बताया। कहा कि बिना मिडिया के सहयोग से यह लोक अदालत सफल नहीं होगा। कहा कि जिले को लोक अदालत में राज्य में पहला स्थान प्राप्त करना है और इसी उद्देश्य के तहत काम करना है। प्रेस-वार्ता के दौरान उन्होंने आयोजित होने वाले लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निपटारे पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के लंबित 2100 वादों को चिन्हित किया गया। संबधित वादों में नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सभी संबधित विभागों, न्यायालय तथा सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक का आयोजन किया गया है और आगे आयोजित करने हेतु इससे सम्बन्धित ब्यौरा को उपलब्ध कराया गया है। मीडिया द्वारा किये जाने वाले सार्थक सहयोग के प्रतिफल के रूप में लोक अदालत के दिन इसका साकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय वादों को मिलाकर 500 वादों का निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए पुलिस के माध्यम से नोटिस को संबधित पक्षकार को हस्तगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सबसे पहले 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके बाद 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर लगेगा। उसके बाद 14 सितंबर व साल का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को लगाई जाएगी। प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने दिनांक नौ मार्च को लोक अदालत में त्वरित निस्तारण हेतु अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए कहा गया कि कुल 2100 वादों को अभी तक चिन्हित किया जा चुका है और 1500 वादों में नोटिस निर्गत करने की कार्रवाई की जा चुकी है तथा यह कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कुछ वादों को प्री-सिटिंग और प्रि-कॉन्सेलिंग के माध्यम से भी निस्तारित करने की कार्रवाई की जा रही है।



# शराब के नशे में धूत युवक सड़क पर कर रहा था हंगामा, गिरफ्तार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अस्पताल मोड़ के समीप सड़क पर एक शराबी शराब पीकर कर रहा था हंगामा, इसकी सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर शराबी को पड़कर सदर अस्पताल में जांच कराने के लिए लाया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही शराबी उत्पात मचाने लगा और इधर-उधर भागने लगा शराबी अपना नाम पता भी नहीं बता रहा है। लेकिन जिस तरह से शराब के नशे में झूम रहा था इसे प्रतीत हो रहा है कि बिहार में शराब बंदी फेल है। जबकि प्रशासन द्वारा शराबबंदी की बात कह रही है लेकिन जब भी शहर में शराब पीकर शराबी झूमते हुए नजर आ रहे हैं तो इससे प्रतीत हो रहा है कि शहर की इर्द-गिर्द शराब का बहुत बड़ा कारोबार चल रहा है। लेकिन पुलिस इस पर नजर नहीं रख रही है जिसके कारण शराबी खुलेआम दिन में भी शराब पीकर घूम रहे हैं। इस शराबी को कंट्रोल करने में पुलिस को भी पसीना छूट गया शराबी इतने नशे में था। की पुलिस प्रशासन भी देखकर हैरत में था शराब कारोबारी के खिलाफ पुलिस प्रशासन लगातार छापामारी अभियान चला रही है। लेकिन शराब कारोबारी अपनी कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं।

# एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा में पांच विद्यालय के 117 कैडेट्स ने लिया भाग



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

13 बटालियन एनसीसी औरंगाबाद द्वारा एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन औरंगाबाद के राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में किया गया। इस परीक्षा 5 विद्यालयों के 117 कैडेट्स शामिल हुए।फिजिकल एवं लिखित जांच परीक्षा आयोजित हुई। बताया गया की परीक्षा का परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। कर्नल राज कुमार सिंह के नेतृत्व में यह परीक्षा आयोजित की गई। कमान अधिकारी कर्नल राज कुमार सिंह ने परीक्षा में कैडेटों को बताते हुए कहा कि ड्रिल, हथियार, कंपास और दिशाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए। एनसीसी के ए, बी और सी प्रमाणपत्र फोर्स में जाने वाले कैडेट को काफी मददगार साबित होते हैं। इन प्रमाणपत्रों के आधार पर कैडेटों को नंबर मिलते हैं, जो उनकी मेरिट बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं और परीक्षा में 350 अंक के लिखित व वस्तुनिष्ट प्रश्न थे। इसके अलावा ड्रिल 80 , डब्लू टी 25, कंपास 10, एफसीबीसी 15 और एमआर 20 अंक का था, बारी-बारी से क्रमानुसार टेस्ट लिया गया।






# बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर और तुलसी आश्रम रघुनाथपुर के बीच हो कारीडोर का निर्माण - शैलेश ओझा

♦ कारिडोर के निर्माण के पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, रामायण सर्किट में जोड़ने की उठ रही है मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ब्रह्मपुर और रघुनाथपुर का पौराणिक महत्व है। दोनों स्थलों के बीच कारिडोर का निर्माण होने से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। रघुनाथपुर को रामाण सर्किट से भी जोड़ा जाना चाहिए। उक्त बातें रघुनाथपुर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता व श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश ओझा ने केशव टाइम्स से विशेष बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि दोनों स्थलों का बड़ा ही पौराणिक व धार्मिक महत्व है। जिस कारण दोनों गांवों के बीच कारिडोर का निर्माण होने से यह श्रद्धालुओं को और अधिक आकर्षित करेगा। उन्होंने बताया कि एक तरफ ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवलिंग की स्थापना सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने की थी तो रघुनाथपुर का नामकरण सृष्टि के पालक भगवान विष्णु के मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के नाम पर उनके परम शिष्य संत तुलसी दास ने की थी। रामचरित मानस की रचना के दौरान तुलसीदासजी करीब छह महीने तक रघुनाथपुर के तुलसी चबुतरा पर रूके थे तथा कहा जाता है कि मानस के सुंदरकांड खंड की रचना उन्होंने रघुनाथपुर प्रवास के दौरान ही की थी। जिस कारण रघुनाथपुर और ब्रह्मपुर के बीच कारिडोर निर्माण के साथ ही रघुनाथपुर को रामायण सर्किट से जोड़ना जरूरी है। शैलेश ने कहा कि वे पूरे तथ्यों के साथ पीएमओ तथा राज्य सरकार को इससे अवगत कराएंगे, ताकी यहां कारिडोर का निर्माण हो सकें। उन्होंने कहा कि स्थानीय गांव के ग्रामीण भी अब रघुनाथपुर को रामायण सर्किट से जोड़ने की मांग करने लगे है। यदि सरकार ने शीघ्र इस पर पहल नहीं की तो जल्दी ही यह जन आंदोलन बन जाएगा।शैलेश की मानें तो बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर के बारे में जानकारी कई पुराणों में भी मिलता है। शिव महापुराण की रुद्र संहिता के अनुसार यह शिवलिंग धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को देने वाला है। भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करने के कारण इनका दूसरा नाम मनकामेश्वर महादेव भी है। इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग का महत्व द्वादश ज्योतिर्लिंग से किसी मायने में कम नहीं है। यह मंदिर स्थानीय लोगों के साथ पूरे बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के शिवभक्तों के आस्था का प्रमुख केंद है और हर साल सावन में दूर दराज के लाखों दर्शनार्थी यहां कांवर में गंगाजल लेकर जलाभिषेक करने आते है। बता दें कि बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर व रघुनाथपुर के तुलसी आश्रम तक पहुंचना श्रद्धालुओं के लिए आसान नहीं है। इस रेलवे स्टेशन पर इक्के दुक्के टेज्नों का ठहराव तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की घोर कमी श्रद्धालुओं को काफी खलती है। शैलेश ने सरकार और पर्यटन विभाग से बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर से तुलसी आश्रम को जोड़ते हुए कारिडोर का निर्माण के साथ ही अयोध्या, हरिद्वार, देवघर, वाराणसी, उज्जैन सहित अन्य धार्मिक और ज्योतिर्लिंग तक जाने वाली ट्रेनों का ठहराव रघुनाथपुर स्टेशन पर करने की मांग की है।




# शहीद दिवस के रूप में मनी बापू की पूण्यतिथि



**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूण्यतिथि मंगलवार को शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान प्रशासनिक महकमें से लगायत राजनैतिक व सामाजिक संगठनों द्वारा उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दुहराया गया। इस मौके पर डीएम अंशुल अग्रवाल ने समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया गया। उक्त अवसर पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न शाखाओ के कर्मीगण उपस्थित थे। डीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता के कारण ही हमे आजादी मिली। उन्होंने कहा कि उनके अहिंसा के मार्ग की जरूरत आज न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया को है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सिद्धांतों को समझने और उस पर अमल करने की जरूरत है।

## लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था में राज्य का कोई धर्म नहीं होता : अजीत कुमार



**बक्सर।** भाकपा माले ने गांधीजी की शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ और भाजपा हटाओ- देश बचाओ जनसंकल्प अभियान का समापन किया। माले नेताओं एवं कार्यकताओं ने कवलदह पोखरा स्थित महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कवलदह पोखरा से ज्योति चौक तक जनसंकल्प पदयात्रा की जहां इसे सभा में बदल दिया गया। सभा का संचालन बक्सर सचिव नीरज यादव ने व अध्यक्षता इटाढ़ी प्रखंड के सचिव जगनारायण शर्मा ने किया। अपने संबोधन में नीरज ने कहा कि भाकपा-माले ने संघ ब्रिगेड द्वारा राम मंदिर के नाम पर नफरत फैलाने एवं लोकतंत्र का गला घोटने के साजिश का भंडाफोड़ का निर्णय लिया है। जिसके तहत सोशलिस्ट कम्युनिस्ट एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल हिमायती रहे कपूर्री ठाकुर के जयंती से लेकर गांधीजी के शहादत दिवस 30 जनवरी तक पूरे राज्य के गांव-कस्बो से लेकर शहर के चौक-चौराहों तक में संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ और भाजपा हटाओ देश बचाओ जन संकल्प अभियान चलाया गया। डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि भारत के गणतंत्र के 75वें वर्ष में देश की जनता को अब तक की सबसे गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था में राज्य का कोई धर्म नहीं होता, वह निजी मामला होता है। लेकिन पूरी सरकारी व्यवस्था राम मंदिर उद्घाटन में झोंक दी गई है। प्रधानमंत्री को एक धार्मिक नेता के बतौर पेश किया गया है। राम मंदिर के उद्घाटन को राष्ट्रीय गौरव एवं हिंदू की पहचान का प्रतीक के रूप में स्थापित करते हुए हिंदू धर्म को राष्ट्र का धर्म बना डालने की साजिश की जा रही है। 10 साल पहले अच्छे दिन, काला धन वापस लाने और प्रत्येक साल 2 करोड़ रोजगार के वादे के साथ मोदी सरकार केंद्र की सत्ता में आई थी। 2020 में किसानों की आय दुगनी करने और 2022 तक सभी भूमिहीनों के लिए पक्का आवास के वादे के साथ वह पुनः सत्ता में लौटी। लेकिन यह सारे के सारे वादे जनता के लिए मजाक साबित हुए हैं। जनसंकल्प सभा को भाकपा माले के इटाढ़ी सचिव जगनारायण शर्मा, केसठ के ललन प्रसाद, डुमरांव के सुकर राम, राजपुर के बीरेंद्र यादव, चौगाई के धर्मेंद्र सिंह, नावानगर के बीरेंद्र सिंह, सिमरी व चक्की के हरेंद्र राम, ऐपवा की जिला सचिव संध्या पाल, किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलख नारायण चौधरी, किसान महासभा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

# रिटायर्ड जवान से 2 लाख 90 हजार की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में अपराधियों का तांडव जारी है। अपराधियों ने सोमवार की दोपहर बक्सर के मृत नहर के पास बीएसएफ के एक रिटायर्ड जवान से रूपयों से भरा थैला छिन आराम से भाग गए। थैले में 2 लाख 90 हजार रूपए थे। जिसे वह अपनी नतिनी की शादी के लिए बैंक से निकाल जासो रोड स्थित घर आ रहे थे। लेकिन उसके पहले ही उचक्कों ने उनसे यह पैसा छिन लिया। हालांकि थोड़ी दूर पर उसमें से चालीस हजार रूपए गिरे मिले थे। जिसे दो युवकों ने नगर थाने को लौटा दिया। माना जा रहा है कि उचक्के जब रूपए छिन भाग रहे थे तो 200 रूपए के नोट के दो गड्डी गिर गए। इस मामले में पीड़ित अवध बिहारी ठाकुर ने नगर थाने में अज्ञात उचक्कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार वे दोपहर में बैंक से रूपया निकाल मृत नहर के रास्ते अपने जासो रोड स्थित घर आ रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उनसे थैला छिन लिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई तथा आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के साथ ही तकनीकी साधनों से अपराधियों के शिनाख्त में जुट गई है। हालांकि अभी तक पुलिस को इस मामले में सफलता हाथ नहीं लगी है। जबकि घटना के बाद से ही पीड़ित जवान तथा उसके परिवार में मायूशी छा गई है। जबकि लोगों में पुलिस के कार्यशैली के प्रति गहरी नाराजगी है। बता दें कि सोमवार की देर शाम अपराधियों ने सोहनी पट्टी में एक पेट्रोल पंप संचालक को गोली मार जख्मी भी कर दिया है। जिस कारण लोगों में पुलिस से विश्वास उठ गया है। नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस घटना में शामिल उचक्कों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा। वही उन्होंने बताया कि मृत नहर के पास मिल 40 हजार रुपए की जांच चल रही है, यदि यह पीड़ित रिटायर्ड फौजी का होगा तो उसे लौटा दिया जाएगा।

## एक नजर

### दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त



**बक्सर।** मंगलवार को जिले में गठित धावा दल ने रामरेखा घाट व खलासी मोहल्ले में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान रामरेखा घाट के पास स्थित मद्धेशिया स्वीट्स होटल तथा शाहिना शू हाउस से एक-एक बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दोनों बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के बाद उन्हें बाल कल्याण समिति को सौंपा गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया। धावा दल का नेतृत्व जिला श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संदीप कुमार कर रहे थे। जबकि टीम में चौसा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुन्ना कुमार, डुमरांव की विभा कुमारी, नावानगर के अमरनाथ, जिला बाल संरक्षण इकाई से धीरेंद्र शर्मा सहित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार के अलावा बक्सर नगर थाने की टीम मौजूद थी। वही दुकानदारों पर नियमों के तहत एफआईआर भी दर्ज कराया गया।

### नीतीश कुमार ने किया विश्वासघात : पप्पू यादव

केसठ।नीतीश कुमार लोकतंत्र व सामाजिक न्याय के साथ भीषण विश्वासघात के आदी हो चुके है। यह बाते राजद के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव ने सीएम नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने बाद कही। उन्होंने कहा कि न्याय व लोकतंत्र की लड़ाई को पटरी से उतारने के लिए भाजपा ने फिर से नीतीश कुमार को मोहरा बनाया है। महागठबंधन से निकलने और भाजपा के साथ पुनः जाने का जो वजह नीतीश कुमार बता रहे है, वह सफेद झूठ है। भाजपा से अलग होने के बाद बिहार विधान सभा में इन्होंने घोषणा की थी मिट्टी में मिल जाऊंगा, भाजपा में नहीं जाऊंगा। भाजपा के नेता से कार्यकर्ता तक कहते थे कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा का दरवाजा बंद हो चुका है। इन सब के बावजूद नीतीश कुमार जैसा स्वाभिमानहीन व्यक्ति ही पुनः वहा जाने की बात सोच सकते है। महागठबंधन के संपूर्ण कार्यकाल में तेजस्वी यादव ने साढ़े चार लाख से अधिक नौकरी के साथ ही नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देकर जिस प्रकार अपने कर्तव्यनिष्ठा अचार बिहार की जनता के सामने पेश किया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता उन्हें कभी मॉफ नहीं करेगी।

### कुष्ठ रोग का समय से इलाज करने पर पा सकते हैं काबू- डॉ विनय

**केसठ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने कहा कि यदि किसी के शरीर पर कोई चकत्ता, जो सुन्न भी हो और वह त्वचा के रंग से थोड़ा हल्का या गाढ़ा हो, उसमें पसीना न आता हो और बाल न उगते हों, कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। इसका इलाज संभव है। इसके साथ ही हाथ-पैर की मांसपेशियों में ताकत की कमी या उनमें झुंझनाहट, घाव होने, चोट लगने या जल जलने पर दर्द का एहसास न होना भी कुष्ठ हो सकता है। ऐसा कोई भी लक्षण दिखे तो जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और जांच कराएं। कुष्ठ रोग के लिए सभी जांच व इलाज पीएचसी में निशुल्क है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का पूर्ण उपचार संभव है। इसमें मरीज को घबराने की जरूरत नहीं है। समय पर इसका उपचार करने से इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। इस दौरान यह भी बताया कि यह बीमारी किसी के छुन या साथ रहने से नहीं होती है।

# नहीं रहे संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल के प्राचार्य अनीश अख्तर खां, विद्यालय परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर के प्रसिद्ध संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल के प्राचार्य अनीश अख्तर खां का असामयिक निधन हो गया है। उनका निधन सोमवार को पैतृक गांव नया भोजपुर में हो गया। उनके निधन से पूरा विद्यालय परिवार मर्माहत है। मंगलवार स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों व गैर शैक्षिक कर्मियों के साथ ही छात्रों ने भी अपने प्रिय शिक्षक के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि सोमवार को उनका तबीयत अचानक खराब हुआ, तब उन्हें इलाज के लिए भेजा गया था। देर शाम घर पर उनका अचानक निधन हो गया। उन्होंने कहा कि उनका निधन विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति थे। बता दें कि वे करीब एक दशक से इस विद्यालय से जुड़े थे तथा छात्रों को पुत्रवत स्नेह करते थे। उनके निधन के बाद मंगलवार को पूरे दिन उनके कुशल व्यवहार, पढ़ाई के तौर तरीके तथा प्रशासन की चर्चा होते रही। वही छात्रों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में निदेशक रमेश सिंह के साथ ही निशा सिंह, शुभम सिंह, राज सिंह, संजू सिंह, अरूण कुमार श्रीवास्तव, आरके मिश्र, विवेक दूबे, संगीता सिंह, लवली पाठक, नीलू सिंह, पंकज कुमार, प्रदुमन कुमार, अश्विनी ओझा, अमित कुमार मिश्र, मनीष उपाध्याय, राजबीर चौधरी, नेहा शर्मा, सौम्या द्विवेदी, स्वीटी द्विवेदी, बबली प्रधान सहित अन्य मौजूद थे।

# डीएसपी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, वसूला जुर्माना

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दर्जनों बाइक चालकों को रोक उनके कागजातों की पड़ताल की। इस दौरान पुलिस जिन बाइक चालकों पर शक हो रहा था उनकी तथा उनके बाइक की तलाशी भी ले रही थी। डीएसपी के इस तेवर से बाइक चालकों में हड़कंप मच गया था। डीएसपी घंटो वहां रूक बाइक चालकों को रोक पूछताछ करते दिखे। इस दौरान बगैर हेलमेट व परिवहन मानकों के बाइक चलाने वालों से जुमार्ना भी वसूला गया। डीएसपी ने कहा कि पुलिस हर दिन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए यह जरूरी है। डीएसपी के इस चेकिंग के दौरान खासकर वैसे बाइक चालक निशाने पर रहे जो हाई स्पीड बाइक लेकर घुम रहे थे। वही कई वाहन चालक पुलिस से बचने के लिए दूसरे रास्ते से भागते दिखे। अभियान के दौरान डुमरांव के अपर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। बाइक चेकिंग के दौरान वे युवा बाइक चालकों को हेलमेट पहन तथा ड्राइवरी लाइसेंस सहित अन्य वैध कागजातों की जांच किया।

**नो पार्किंग में बाइक खड़ा करने वाले 38, ई रिक्शा खड़ा करने वाले नौ  पर हुई कार्रवाई**

# आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, नियम तोड़ने वाले 79 लोगों से वसूला 34 हजार का जुर्माना

**केटी न्यूज/बक्सर**



ट्रेन में बिना टिकट यात्र करने वाले अवैध तरीके से महिला व दिव्यांग बोगियों में बैठने वालें यात्रियों के साथ ही रेलवे ट्रैक पार करने तथा नो पार्किंग जोन में बाइक व ई रिक्शा खड़ा करने वाले कुल 79 लोगों को आरपीएफ की टीम ने पकड़ा। जिनसे कुल 34 हजार 700 रूपए का जुमार्ना वसूला गया। जर्माना के लिए बक्सर स्टेशन पर ही रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी आरा शैल ने कैंप कोर्ट का आयोजन किया। जहां सभी से जुमार्ना लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि रेलवे अधिनियम ड्राइव के तहत यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि रेलवे ट्रैक को अनधिकृत रूप से पार करने के आरोप में 21 को, नो पार्किंग में बाइक खड़ा करने वाले 38, ई रिक्शा खड़ा करने वाले नौ तथा महिला बोगी में सफर करने वाले 8 व दिव्यांग बोगी अवैध रूप से खान पान सामग्री बेचने वाले तीन वेंडरों समेत कुल 79 लोगों को पकड़ा गया। सभी को कैंप कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जहां जुर्माना देने के बाद छोड़ा गया। इस अभियान में इंस्पेक्टर दीपक के साथ ही एसआई विजेंद्र मुवाल, एएसआई सुबोध कुमार, आरक्षी आनंद बहादुर सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, सर्वेश यादव समेत कई अन्य कर्मी शामिल थे। गौरतलब है कि यह अभियान सोमवार को भी चलाया गया था। आरपीएफ की इस कार्रवाई से बक्सर स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा करने वालों, टैज्क पार करने तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों में हड़कंप मच गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।







# सरकार आईटी क्षेत्र में उत्पादों के निर्यात को दे रही है बढ़ावा : डा. ओंमकार

♦ बोले, राजनीतिक अच्छा प्लेटफार्म है, मौका मिला तो लोस चुनाव में किस्मत आजमा सकता हूं

**केटी न्यूज/बलिया**

विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव तथा स्टार्टअप ओडिशा के कार्यकारी अध्यक्ष डा. ओमकार राय ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश आज भी आईटी सेक्टर में पिछड़ा हुआ है। हालांकि इसे बेहतर करने की जिम्मेदारी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) को दी गई है। सरकार की मंशा है कि आईटी क्षेत्र में उत्पादों के निर्यात को तेजी से बढ़ावा दिया जाए। ताकि संपूर्ण विश्व में भारत उद्यम क्रांति ला सके। आजमगढ़ जनपद के मूल निवासी डॉ. ओमकार राय ने लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह भी कहा कि वर्तमान में आईटी सेक्टर काफी आगे है। देखा जाए तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में काफी विकसित है। अब जरूरत है पूर्वी उत्तर प्रदेश को ठीक करने की। वर्तमान में आईटी सेक्टर के जरिए ही स्टार्टअप बनाने से लेकर सॉफ्टवेयर बनाना संभव हो पा रहा है। यूपीआई से लेकर डिजिटल पेमेंट करने, यहां तक की वर्क फ्रॉम



होम की सुविधा देने में भी आईटी सेक्टर की अहम भूमिका है। कहा कि सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी में पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश को जागरूकता एवं आईटी हब तैयार कर विकसित किया जा सकता है।युवाओं को धरातल पर संसाधन की कमी। अक्सर देखा जाता है कि कॉलेज से निकलने वाले युवा तकनीकी रूप से सक्षम होते हैं। उनके अंदर बड़ी सोच एवं कार्य क्षमता भी होती है। बावजूद इसके धरातल पर संसाधन की कमी के कारण उन्हें आईटी सेक्टर में बेहतर मुकाम नहीं मिलता। हाल के दिनों में पूर्वांचल में डॉ. ओमकार राय की बढ़ रही गतिविधियों एवं राजनीतिक हलचल को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि संघ व विद्यार्थी परिषद के करीब रहकर लंबे समय तक काम किया। मैं किसी राजनीति इरादे नहीं बलिया नहीं आया हूं।

## जेल मैनुअल के हिसाब से संचालित होनी चाहिए पूरी व्यवस्था

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी देव रंजन वर्मा ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नास्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से हो।

## एक नजर

### गाजीपुर प्रथम आगमन पर लोकसभा प्रभारी का भव्य स्वागत



**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी गाजीपुर लोकसभा के प्रभारी व उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि० लखनऊ के अध्यक्ष आरपी कुशवाहा का गाजीपुर जनपद में प्रथम आगमन पर देवकली में मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में बैंड पार्टी के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी कार्यकताओं को अभी से जुट जाना चाहिए ताकि गाजीपुर जनपद में पार्टी अपना परचम लहरा सके। केन्द्र और प्रदेश में सत्तारुढ भाजपा सरकार के शासन काल में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर कर सामने आया है। पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। किसी भी पार्टी को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने में पार्टी कार्यकर्ता की भूमिका सर्वोपरि होती है। इस अवसर पर केपी गुप्ता, सोनू तिवारी, प्रमोद मौर्य, रामनरेश मौर्य, उमाशंकर मौर्य, अवधेश मौर्य, पवन वर्मा, अखिलेश कुशवाहा, धीरेन्द्र कुशवाहा, सुरेन्द्र व श्यामजी कुशवाहा आदि लोगों ने माल्यापर्ण कर भव्य स्वागत किया।

### जेल से रिहा होते ही प्रेमिका को भगा ले गया प्रेमी

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत कुछ वर्ष पूर्व एक नाबालिग किशोरी के साथ भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के चौजा खास गांव का गैर जाति का युवक बहला -फुसला कर किशोरी को भगा ले गया। परिजनों ने काफी खोजबीन किया, नहीं पता चला तो दुल्लहपुर थाने में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने पॉस्को एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई। युवक को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया और किशोरी को बरामद करने के बाद मेडिकल की कार्रवाई करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने किशोरी की शादी 29 को ही तय कर दी। शादी के लिए तमाम तैयारी में जुटे थे। इसी दौरान दिन में ही जेल से जमानत पर रिहा युवक किशोरी को भगा ले गया। परिजनों ने बताया कि किशोरी पांच थान आभूषण सहित 50,000 नगदी लेकर जेल से जमानत पर आए और युवक के साथ फरार हो गई। रोते - बिलखते परिजन दुल्लहपुर थाना पहुंचे और फिर युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक घर पर छापा मारा, लेकिन मौका से पूरा परिवार फरार है।

### सऊदी अरब गए दो युवक गंवा बैठे जान

**गाजीपुर।** जनपद के खानपुर निवासी दो युवकों की सउदी अरब में आग में जलकर मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। घटना का रो-रो कर बुरा हाल है। बेहद गरीब परिवार से होने के चलते वो परिवार की गरीबी मिटाने के लिए सउदी अरब की कंपनी में नौकरी करने गए थे लेकिन उन दोनों का जीवन ही मिट गया। खानपुर निवासी 40 वर्षीय इबरार अंसारी पुत्र स्व. मुख्तार अंसारी व उसका पड़ोसी 42 वर्षीय आजाद अहमद पुत्र स्व. बद्रे आलम के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी। इसके चलते दो साल पूर्व वह एक एजेंट के माध्यम से नौकरी करने के लिए सउदी अरब गए। वहां वह रियाध बतहा कंपनी में सोफा बनाने का काम करते थे और वहां से परिवार को धन भी भेजने लगे। इससे परिवार की गाड़ी थोड़ी बहुत पटरी पर आ गई और सब कुछ अच्छा चल रहा था। इस बीच रविवार को कंपनी में आग लग गई। जिसमें दोनों की जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना गांव में पहुंची। इसके बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों पड़ोसियों के परिजनों में हाहाकार मच गया। पूरे गांव में सन्नाटा फैल गया और गांव के लोग शोक जताने के लिए मृतकों के घर पर जुट गए।

### गलत पार्किंग करने वालों पर हुई कार्रवाई

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर बाजार में मंगलवार को सड़क पर अनावश्यक पार्किंग कर जाम की स्थिति उत्पन्न करने वाले टू व्हीलर वाहनों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानदारों के लगे हुए टीनशेड और सामान को हटावा दिया। भुड़कुड़ा पुलिस उपाधीक्षक बलराम, दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा सहित पुलिस फोर्स की मौजूदगी में दुल्लहपुर बाजार के स्टेट हाई-वे पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के सामान को चेतावनी देते हुए हटवा दिए। साथ ही बेवजह सड़क पर ही पार्किंग किए गए दस बाइक का चालान काटे। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक बलराम ने कहा कि सड़कों पर बेवजह पार्किंग करने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## खबरें फटाफट

### अंडर पास बनाने के लिए डीएम को सौंपा पत्र

**गाजीपुर।** भाजपा के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अनिल कुमार पांडेय के नेतृत्व में जलालाबाद ग्राम पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में उपस्थित उप जिलाधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामीणों ने यह मांग की गई थी कि सैदपुर से मरदह बन रहे। एनएएच- 124 डी पर जलालाबाद चौराहे पर अंडर पास न बनाकर फ्लाईओवर बनाने का कार्य हो, तीन जनपदों मऊ ,आजमगढ़ एवं गाजीपुर की सीमा पर बन रहे अंडरपास से भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। लोगों को इससे भारी परेशानी होगी। इससे आना-जाना दुभर हो जाएगा। इस चौराहे से सटे 500 मीटर की दूरी पर सात स्कूल व कॉलेज है। जिससे छात्राओं तथा ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

### महिला के चंगुल से 6 बच्चों को कराया मुक्त

**चंदौली।** आरपीएफ व बचपन बचाओ की टीम ने 12815 अप नंदन कानन एक्सप्रेस से एक महिला ट्रैफिकर के चंगुल से 06 नाबालिक लड़कियों को मुक्त कराया।महिला को कोतवाली मुगलसराय को सुपुर्द किया गया। डीडीयू रेल मंडल के सीनियर कमांडेंट जेथिन बी राज के निर्देश पर तथा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के कुशल नेतृत्व में आरपीएफ की ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी की सूचना पर गाड़ी संख्या 12815 अप नंदन कानन एक्सप्रेस से 06 नाबालिक लड़कियों को बाल श्रम कराने के लिए लेकर जा रही एक महिला को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के उप निरीक्षक अमरजीत दास, उप निरीक्षक निशांत कुमार, सहायक उप निरीक्षक उमाकांत राम आरक्षी होरी प्रसाद , महिला आरक्षी आलूबिल्ली पार्वती और बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ के देशराज सिंह एवम चंदा गुप्ता के द्वारा संदिग्धावस्था में पाकर पकड़ा गया। नाबालिक बच्चियों से पूछताछ करने पर सभी ने बताया कि हमलोग को घर में झाडू पोछा बर्तन के काम करवाने के लिए नई दिल्ली लेकर जा रही है।संदेह की पुष्टि हेतु सभी 06 नाबालिक बच्चियों एवं महिला ट्रैफीकर को दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर उतारा गया।

### अधिवक्ता टास्क फोर्स करेगी योजनाओं की निगरानी

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार सभागार में मंगलवार को अधिवक्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान चंदौली में विकास कार्यों में निरंतर बरती जा रहीअनियमितता, जन सुविधाएं प्रदत्त करने में हो रही लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आकांक्षी जनपद चंदौली में सभी तरह के सरकारीसंस्थाओं द्वारा जनहित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं क्रियाशील एवं स्थगित विकासपरक कार्यों की निगरानी अधिवक्ता टास्क फोर्स करेगी। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार झन्मेजय सिंह ने बताया मुख्य उद्देश्य अधिवक्ता हितों की रक्षा एवं सामाजिक कार्यों में भागीदारी है।

## ड्राइवर मोबाइल पर कर रहा था बात जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया

# ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत, 12 घायल

♦ नौगढ़ चकिया मार्ग पर गोडटुटवा गांव के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई

**केटी न्यूज/ चंदौली**

चकिया कोतवाली क्षेत्र के नौगढ़ थाना क्षेत्र में अनियंत्रित टैक्टर पलट जाने से इसमें सवार दो मजदूरों की मौके पर हो गई। साथ ही 12 मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी का इलाज जिला संयुक्त चिकित्सालय में कराया जा रहा है। इसमें से कुछ की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में शामिल जमसोती गांव निवासी बसंत कोल 50 वर्ष हिनौत घाट निवासी 22 वर्षीय अजस कोल की ट्रैक्टर पलट जाने से मौत हो गई। नौगढ़ थाना क्षेत्र के जमसोती गांव निवासी और हिनौत घाट के निवासी मजदूरों का एक दल मजदूरी के लिए नौगढ़ क्षेत्र के औरवाटाड मार्ग के जंगल में गया था। वन विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे झाड़ी काटने का कार्य मजदूरों द्वारा लगभग दो दिनों से किया जा रहा था। सोमवार की रात दो दर्जन मजदूर काम से वापस ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर लौट रहे थे। नौगढ़ चकिया मार्ग पर गोडटुटवा गांव के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई जिस पर सवार मजदूर जमसोती गांव निवासी बसंत कोल हिनौत घाट निवासी अजस कोल मजदूर की मौत हो गई। और ट्रैक्टर पर सवार प्यारे 66 श्याम 40 छब्बी 55 गोविंद 30 रामप्रकाश 50 राम प्रकाश 55 छोटू 15 वर्ष अतीश 20 शिव प्रसाद 25 रामदेव 30 धर्मेंद्र 30 हीरालाल 25 घायल हो गए जिनका इलाज जिला संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा है। मजदूरों ने बताया कि ड्राइवर प्रकाश यादव सहित अन्य सवार मजदूर बच गए हैं। मजदूरों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि ड्राइवर मोबाइल पर बात कर रहे थे, इस दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर गोडटूटवा गांव के पास पलट गई। वही मौके पर पहुंचकर विधायक कैलाश आचार्य ने घायलों का इलाज करवाया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस घटना के बाद परिजनों में हाहाकर मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसी ने भी नहीं सोचा था कि अचानक उनके ऊपर इतना बड़ा पहाड़ टूट पड़ेगा।



### घर में अकेली औरत देख दबंगों ने किया हमला

**गाजीपुर।** नगसर थाना क्षेत्र के गोदा विशुनपुरा गांव में दबंगों ने घर में अकेली औरत पर हमला कर तोड़फोड़ किया। घटना की जानकारी जब महिला ने 112 नंबर पर दी, तो पुलिस के पहुंचने पर अपराधी भाग खड़े हुए। महिला ने बताया कि विपक्षी दबंग और तस्कर हैं। वह मेरा घर व जमीन हड़पना चाहते हैं। पीड़ित महिला सरोज देबी पत्नी छोटे लाल निवासी गोदा विशुनपुरा ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। सरोज देवी ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि 29 जनवरी को जब वह अपने घर में अकेली थी, तो विपक्षी चंचल, मदन आदि करीब दस की संख्या में मेरे घर पर हमला बोल दिए और घर में तोड़फोड़ कर जान से मारने के लिए दौड़ा दिए। मैने किसी तरह से मोबाइल द्वारा 112 नम्?बर पर फोन किया। पुलिस के आते ही दबंग भाग खड़े हुए।

### चोरों ने नगदी, गहना सहित लाखों रूपए के सामान पर किया हाथ साफ

**सहतवार।** बीती रात्रि चोरों ने क्षेत्र के ग्राम सभा रजौली के पूर्व प्रधान के घर में छत के सहारे घुसकर नगदी, गहना सहित लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह घर से लगभग तीन सौ मीटर दूरी पर खेत में टूटा हुआ दो बक्सा व एक अटैची बरामद हुआ। पिड़ित द्वारा सहतवार थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की छानबीन में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि रजौली निवासी श्रीभगवान यादव पुत्र शिवमुनि यादव प्रत्येक दिन की भाँति सोमवार की रात्रि में खाना खाकर अपने परिवार के साथ घर में सो गये थे। घर के अन्य सदस्य डेरे पर सोते हुए थे।रात्रि में एक बजे के करीब घर में खट खट की आवाज सुनकर श्रीभगवान की पत्नी जग गयी । उसने अपने पति को जगाकर बोली कि घर में कोई घुसा है। घर के आंगान आठ दस आदमी आंगन में खडे है और कुछ बक्सा उठाकर ले जा रहे हैं। मै दरवाजा खोलने लगा तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है। परिवार के लोगों को फोन जानकारी दी।

## खजाना लूटने वाले जायेगें जेल: मस्त



**केटी न्यूज/ बलिया**

बलिया के सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने भष्ट्राचार को लेकर विपक्ष पर करारा हमला बोला है। कहा कि देश के खजाना को लूटने के लिए बना गठबंधन कामयाब नहीं होगा। देश के लिए तपस्वी की तरह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी जैसा सेवक काम कर रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि खजाना लूटने के काम करने वालों पर एजेंसिया काम कर रही है। यह कितना हास्यपद हैं कि एक प्रदेश का मुख्यमंत्री भगौड़ा हो जा रहा है। खजाना लूटने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनका परिवार जेल जाने वाला है। सांसद बलिया शहर के भृगु आश्रम नारायणी टाकिज पर 72 लोकसभा के केन्द्रीय कार्यालय के उदघाटन अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सांसद ने कहा कि भारत ने पहले भी गठबंधन का कई प्रयोग देखा है। देश को स्थिर सरकार चाहिए। जिससे देश का भविष्य संवर सकें। स्थिर सरकार से ही जनता का कल्याण होगा। सिथर सरकार से ही देश का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का एक ही उद्देश्य है कि मोदी हटाओं। ऐसा कुछ लोगों के कहने से नहीं होगा। जब पूरा देश और देश की जनता मोदी को रखना चाह रही है।

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना बेहद जरूरी : प्रशांत नागर

**केटी न्यूज/ मऊ**

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत विकासखंड घोसी की प्रगति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विद्यालयों से संबंधित पैरामीटर तैयार कर लें, जिससे यह पता चल सके कि कितने पैरामीटर पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कितने पर कार्य कराए जाने हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नगर क्षेत्र में 26 विद्यालय ऐसे हैं जिसपर कार्य कराए जाने हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा



अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराये अन्यथा समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई निर्धारित की जाएगी। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में सोलर पैनल लगवाने के निर्देश विकास अधिकारी द्वारा दिए गये। छात्र एवं अध्यापकों की उपस्थिति आधार प्रमाणीकरण के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र न होने के कारण उन बच्चों के आधार प्रमाणीकरण किए जाने में समस्या उत्पन्न हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अभिभावकों को जागरूक करें जिससे अभिभावक अपने बच्चों का जन्म प्रमाण एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाए जिससे बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

## कुष्ठ रोगियों के साथ रहने से, उनके साथ खाने-पीने से,उनके साथ उठने-बैठने से कुष्ठ रोग नहीं फैलता

# महात्मा गांधी के पुण्यतिथि से शुरू हुआ स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/ मऊ**

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 2024 को सभी ग्राम सभा-ग्राम पंचायत,सभी नगरीय वार्डों में, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला अधिकारी का संदेश एवं ग्राम प्रधान का भाषण पढ़ा गया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर वकील अली, अपर मुख्य चिकित्सा धिकारी डा० बी के यादव ने हरी झंडी दिखाकर कुष्ठ जागरूकता रैली का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से शुभारंभ



किया। कुष्ठ जागरूकता रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से रोडवेज तक निकाली गई, जिसमें जन-समुदाय को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हुए यह संदेश दिया कि कुष्ठ रोगियों के साथ रहने से, उनके साथ खाने-पीने से,उनके साथ उठने-बैठने से कुष्ठ रोग नहीं फैलता है उनके इस संदेश को जन समुदाय में उनके पुण्यतिथि पर बताया गया।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की निकली रैली

**चंदौली।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 2024 का कुष्ठ पखवाड़ा का शुभारंभ एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से स्टेट कुष्ठ पुनर्वास अधिकारी विपिन कुमार सिंह व इन्द्रमणि पटेल के नेतृत्व मे चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रितेश कुमार ने महात्मा गाधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद स्थानीय कस्बा मे जागरूकता रैली निकालकर कुष्ठ रोग के प्रति लोगो को जागरुक किया गया। ततपश्चात पुनः रैली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंची। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग कोई छुआछूत की बीमारी नही है इसका इलाज संभव है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर इसकी जांच कराये। विपिन कुमार सिंह ने बताया आज महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के दिन से स्पर्श कुष्ठ रोग पखवाड़ा की शुरुआत हो रही है। यह पखवाड़ा 30 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। जिसे अवधि मे कुष्ठ रोग के प्रति लोगो को जागरूक किया जायेगा । आज यह रैली दिव्यागों के साथ निकाली गयी। जिसमे दर्जनों दिव्यांग शामिल हुए। कुष्ठ रोग पखवाड़ा की रैली स्थानीय कस्बा में भ्रमण किया। दिव्यांग जन ने भारत ने यह ठाना है कुष्ठ रोग हटाना है।




